# मैनुअल संख्या–03

## विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया, जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं।

## विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया, जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित हैं।

राज्य की भाषाओं एवं बोलियों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रचार–प्रसार हेतु भाषा विभाग उत्तराखण्ड शासन के अधीन उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की स्थापना की गयी है। संस्थान के अंतर्गत उत्तराखण्ड हिन्दी, उर्दू, पंजाबी एवं उत्तराखण्ड लोक भाषा व बोली अकादमी का संचालन किया जा रहा है।

संस्थान द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभिन्न योजनाओं, कार्यशाला, प्रशिक्षण, कार्यक्रमों का आयोजन, संस्थान की शोध पत्रिका का प्रकाशन, शोध परियोजनाओं को अनुदान, उत्कृष्ट पुस्तकों के प्रकाशन हेतु अनुदान, साहित्यकारों का सम्मान, साहित्यकार कल्याण कोष, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन, संकलन प्रकाशन योजना, पुस्तकालय स्थापना एवं पुस्तकों का क्रय, प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना, उर्दू, पंजाबी एवं लोक भाषाओं का शब्दावली निर्माण/अनुदान योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।

# संस्थान एवं अकादमियों द्वारा अपने स्थापना वर्ष से आतिथि तक की गयी योजनाओं का विवरण

## उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा आयोजित योजनाएं

<table>
<tr>
<td>शोध पत्रिका का प्रकाशन</td>
<td>उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा साहित्यिक शोध पत्रिका "उद्‌गाता" का प्रकाशन किया जाता है, संस्थान द्वारा आतिथि तक 5 अंकों का प्रकाशन किया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>पुस्तक का नाम</th><th>विशेषांक</th><th>अंक</th><th>वर्ष</th></tr>
<tr><td>1</td><td>उद्‌गाता</td><td>वार्षिक विशेषांक</td><td>प्रथम</td><td>2010</td></tr>
<tr><td>2</td><td>उद्‌गाता</td><td>लोक भाषा शोध विशेषांक</td><td>द्वितीय</td><td>2011</td></tr>
<tr><td>3</td><td>उद्‌गाता</td><td>वार्षिक विशेषांक</td><td>तृतीय</td><td>2012</td></tr>
<tr><td>4</td><td>उद्‌गाता</td><td>संयुक्तांक</td><td>चतुर्थ</td><td>2013–14</td></tr>
<tr><td>5</td><td>उद्‌गाता</td><td>समीक्षित शोध पत्रिका</td><td>पंचम</td><td>2018</td></tr>
</table>
उक्त पत्रिका रु. 100/– (एक सौ रूपये) मात्र प्रति पुस्तक की दर से भुगतान कर किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।</td>
</tr>
<tr>
<td rowspan="2">उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना</td>
<td>संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2010–11 में उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना के अन्तर्गत, उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन चयन समिति द्वारा चयनित विद्वानों की पाण्डुलिपियों को प्रकाशित कराये जाने हेतु 15 विद्वानों को अनुदान दिया गया। अनुदान से प्राप्त पुस्तकें राजकीय पुस्तकालयों एवं राजभवन सचिवालय, विधानसभा के पुस्तकालयों में निशुल्क उपलब्ध करायी गयी है।</td>
</tr>
<tr>
<td>संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 में उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना के अन्तर्गत, उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन चयन समिति द्वारा चयनित विद्वानों की पाण्डुलिपियों को प्रकाशित कराये जाने हेतु 18 विद्वानों को अनुदान दिया गया। अनुदान से प्राप्त पुस्तकें राजकीय पुस्तकालयों एवं राजभवन सचिवालय, विधानसभा के पुस्तकालयों में निशुल्क उपलब्ध करायी गयी है।</td>
</tr>
<tr>
<td>राष्ट्रीय एवं लोक भाषा सम्मेलन योजना</td>
<td>राष्ट्रीय एवं लोक भाषा सम्मेलन योजना के अंतर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2018 को भारत छोड़ो आन्दोलन की तिथि एवं प्रख्यात साहित्यकार मनोहर श्याम जोशी जी की जयन्ती के अवसर पर उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, उत्तराखण्ड उर्दू एवं पंजाबी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 'सर्वभाषा कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, संस्कृत एवं लोक भाषाओं के कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया।</td>
</tr>
</table>

## उत्तराखण्ड हिन्दी अकादमी द्वारा आयोजित योजनाएं

| योजना का नाम | योजना का विवरण |
|---|---|
| | **वित्तीय वर्ष – 2011–12** |
| **साहित्यकारों की जयन्ती एवं कवि सम्मेलन का आयोजन** | डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून एवं उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 13 दिसम्बर 2011 को हिन्दी की प्रथम डी.लिट्. डॉ. पीताम्बर दत्त बडथ्वाल जी की 110वी. जयन्ती पर शोध संगोष्ठी तथा कवि सम्मेलन का आयोजन दून विश्वविद्यालय समागार में आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय तथा बाहर से आये हुए प्रतिष्ठित कवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। |
| **साहित्यिक प्रतियोगिताएं** | डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा छात्र–छात्राओं में हिन्दी साहित्य के प्रति अभिरूचि पैदा करने के उद्देश्य से वर्ष–2011–12 में निबन्ध एवं कथा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता प्रतिभागियों को मा0 भाषा मंत्री जी द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर 2011, को पुरस्कृत किया गया। |
| **साहित्यिक शोध पत्रिका का प्रकाशन** | उक्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2011–12 में अकादमी की त्रैमासिक साहित्यिक शोध पत्रिका **"केदारमानस"** का प्रथम अंक **"डॉ.पीताम्बर दत्त बडथ्वाल"** के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाशित किया गया। |
| **उत्कृष्ट पुस्तक अनुदान योजना** | इस योजना के अन्तर्गत ऐसे कतिपय विद्वानों की उत्कृष्ट कृतियों को प्रकाशित किये जाने हेतु अनुदान प्रदान किया जाता है, जिनकी कृतियां धनाभाव के कारण अप्रकाशित रह जाती है। वर्ष–2011–12 में उक्त योजना के अन्तर्गत विज्ञापन प्रकाशित कर समस्त उत्तराखण्ड से 25 विद्वानों को उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना के अन्तर्गत चयनित कर अनुदान प्रदान किया गया। |
| | **वित्तीय वर्ष – 2012–13** |
| **साहित्यिक शोध पत्रिका प्रकाशन** | डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा वर्ष–2012–13 में दो साहित्यिक शोध पत्रिका **"केदारमानस"** का प्रकाशन कार्य किया गया। जिसमें केदानमानस का द्वितीय अंक प्रख्यात कवि **"सुमित्रानन्दन पंत"** तथा तृतीय अंक प्रख्यात समालोचक **"चन्द्रकुँवर बर्त्वाल"** के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाशित किया गया। |
| **प्रख्यात साहित्यकारों की जयन्ती** | 1. उक्त योजना के अन्तर्गत अकादमी द्वारा दिनांक 20 मई 2012, को प्रख्यात कवि **"सुमित्रानन्दन पंत"** की 112वीं जयन्ती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध संगोष्ठी एवं केदारमानस का विमोचन कार्यक्रम इन्द्रलोक होटल सभागार, देहरादून में आयोजित किया गया।<br>2. उक्त योजना के अन्तर्गत दिनांक 25 फरवरी, 2013 को प्रख्यात साहित्यकार, कवि **"डॉ. पार्थसारथि डबराल"** जी की 77वीं जयन्ती का भी आयोजन ए.एम.एन घोष ओडोटोरियम ओ.एन.जी.सी कौलागढ़,देहरादून में आयोजित किया गया। |
| **हिन्दी दिवस एवं हिन्दी सप्ताह का आयोजन** | डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2012 को हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमें शोध संगोष्ठी, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन ओ.एन.जी.सी. आफिसर्स क्लब, देहरादून में आयोजित किया गया।<br>इस अवसर पर उत्तराखण्ड के अंग्रेजी माध्यम के समस्त विद्यालयों में हिन्दी अध्यापन कराने वाले ऐसे शिक्षक–शिक्षिकाओं, प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया साथ ही वर्ष– 2011–12 की बोर्ड परीक्षा में हिन्दी विषय में 95 या 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया जिसके अन्तर्गत 03 शिक्षकों, 01 प्रशिक्षक, 08 हाईस्कूल एवं 03 इण्टरमीडिएट के छात्र–छात्राओं को पुररकृत किया गया। |

| | |
|---|---|
| **साहित्यिक प्रतियोगिताए** | इस योजना के अन्तर्गत वर्ष–2012–13 में विज्ञापन प्रकाशित कर सम्पूर्ण उत्तराखण्ड से दो आयु वर्ग के अनुसार 10–15 आयु वर्ग में कविता प्रतियोगिता तथा 16–21 आयु वर्ग में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 10 कविताएं एवं 10 निबन्ध के विजेता प्रतिभागियो का चयन किया गया। |
| **उत्कृष्ट पुस्तक अनुदान योजना** | इस योजना के अन्तर्गत वर्ष–2012–13 में अकादमी द्वारा 25 विद्वानों को इनकी उत्कृष्ट कृतियों हेतु अनुदान प्रदान किया गया। |
| **वर्ष–2013–14** | |
| **संकलन एवं प्रकाशन योजना** | 1. **साहित्यिक शोध पत्रिका प्रकाशन** – उक्त योजना के अन्तर्गत अकादमी की साहित्यिक शोध पत्रिका **"केदारमानस"** के चतुर्थ अंक प्रख्यात कहानिकार **"स्व0 शैलेष मटियानी"** एवं पंचम अंक **"हिन्दी भाषा और साहित्य का विकास"** के विषय पर प्रकाशित किया गया है।<br>2. **ग्रन्थावली प्रकाशन योजना**– डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा इस योजना के अन्तर्गत हिन्दी एवं अन्य भाषाओं की उत्कृष्ट कृतियों एवं अप्रकाशित पाडुलिपियों कें संरक्षण एवं प्रकाशन का कार्य करती है। अकादमी द्वारा वर्ष–2011–12 से हिन्दी के **प्रथम डी.लिट् "डॉ.पीताम्बर दत्त बडथ्वाल"** के दुर्लभ साहित्य संकलन एवं ग्रन्थावली निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया । ग्रन्थावली का प्रकाशन 06 खण्डों में प्रकाशित कर पूर्ण कर दिया गया है। |
| **राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन एवं प्रतियोगिताए** | 1. **साहित्यकारों की जयन्ती** – इस योजना के अन्तर्गत दिनांक 20 मई, 2013 को महाकवि **"सुमित्रानन्दन पंत"** की 113वीं जयन्ती का आयोजन महाकवि सुमित्रानन्दन पंत सृजन पीठ कुमायूं विश्वविद्यालय के साथ सयुक्त तत्वावधान में कौसानी में दो दिवसीय (20–21मई, 2013) सम्मेलन का आयोजन किया गया<br>2. **हिन्दी दिवस एवं कवि सम्मेलन**– अकादमी द्वारा हिन्दी दिवस 14 सितम्बर, 2013 का आयोजन एम.बी.पी.जी कालेज, हल्द्वानी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षाओं मे वर्ष–2012–13 में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में हिन्दी विषय में 95 प्रतिशत या उस से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 119 छात्र–छात्राओं को पुस्कृत किया गया। साथ ही इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।<br>3. **साहित्यिक प्रतियोगिताएं** – बाल दिवस, 2013 के अवसर पर अकादमी द्वारा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। |
| **उत्कृष्ट पुस्तक अनुदान योजना** | इस योजना के अन्तर्गत वर्ष–2013–14 में अकादमी द्वारा 36 विद्वानों को इनकी उत्कृष्ट कृतियों हेतु अनुदान प्रदान किया गया। |
| **पुस्तकालय स्थापना एवं पुस्तकों का क्रय** | डॉ0 पी.द.ब.हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा इस योजना के अन्तर्गत वर्ष–2013–14 में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय कर पुस्तकालय की स्थापना की गयी है। |
| **वर्ष–2014–15** | |
| 1. वर्ष–2014–15 में अकादमी की कार्य योजनाओं के अन्तर्गत कोई बजट धनराशि उपलब्ध नहीं हुई है।<br><br>2. 25वें अखिल भारतीय राजभाषा प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग किये जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य नामित महानुभावों हेतु रू0 04 लाख पुनर्विनियोग से प्राप्त किया गया। | |
| **वर्ष–2015–16** | |
| अकादमी द्वारा दिनांक 14 सितम्बर,2015 को हिन्दी दिवस, हिन्दी पखवाड़ा, दिनांक 13 दिसम्बर, 2015 को डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जी को जयन्ती, दिनांक 14 दिसम्बर, 2015 श्री ईलाचन्द्र जोशी की पुण्यतिथि, दिनांक 28 दिसम्बर, 2015 को महाकवि सुमित्रानन्दन पंत जी की पुण्यतिथि, दिनांक 11 फरवरी, 2016 को विश्व रेडियो दिवस आदि पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। | |

| | |
|---|---|
| **वर्ष–2016–17** | |
| हिन्दी दिवस दिनांक 14 सितम्बर, 2016, राज्य स्थापना दिवस दिनांक 09 नवम्बर, 2016, डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जयन्ती दिनांक 13 दिसम्बर, 2016, विजय दिवस, दिनांक 16 दिसम्बर,2016 आदि तिथियों में संगोष्ठियां आयोजित की गई। | |
| **वर्ष–2017–18** | |
| **साहित्यकारों की जयन्ती** | 1. महाकवि सुमित्रानन्दन पंत जयन्ती (20मई,2017) के अवसर पर डॉ.पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली का विमोचन समारोह का आयोजन।<br>2. हिन्दी पत्रकारित दिवस दिनांक 30 मई, 2017 को ''उत्तराखण्ड की पत्रकारिता का वर्तमान स्वरूप'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन। |
| **राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन** | राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर मा. भाषा मंत्री जी एवं संस्थान के अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में प्रतिभाग किया गया। |
| | डॉ. पी.द.ब. हिन्दी अकादमी द्वारा दिनांक 25 सितम्बर, 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के **'राष्ट्रीय मूल्यों को समर्पित कवि सम्मेलन'** का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. मुरली मनोहर जोशी जी, मा. सांसद, ए24I लमेशष्ट अतिथि के रूप में मा. भाषा मंत्री जी उपस्थित हुए, इस कवि सम्मेलन में उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों विविध भाषाओं के 16 कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। |
| **संकलन / प्रकाशन योजना का आयोजन** | उक्त योजना के अन्तर्गत अकादमी की साहित्यिक शोध पत्रिका **'केदारमानस'** के **षष्ठ अंक** का प्रकाशन कार्य किया गया।<br>ग्रन्थावली प्रकाशन योजना के अन्तर्गत अकादमी द्वारा प्रकाशित डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली के विमोचन समारोह दिनांक 20 मई, 2017 को आयोजित किया गया। उक्त ग्रंथ की प्रतियां उत्तराखड के प्रमुख शिक्षण संस्थानों एवं पुस्तकालयों में भेजी जा रही है। |
| **आर्थिक सहायता / अनुदान योजना** | अकादमी द्वारा उत्कृष्ट पुस्तक प्रकाशन योजना से प्राप्त पुस्तकों को राजकीय पुस्तकालयों एवं राजभवन, विधानसभा, सचिवालय के पुस्तकालयों में निशुल्क उपलब्ध करायी गयी है। |
| **हिन्दी दिवस समारोह** | वित्तीय वर्ष 2017–18 में हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2017) के अवसर पर हिन्दी विषय में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसमें हाईस्कूल के 61 एवं इण्टरमीडिएट के 34 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित / पुरस्कृत किया गया। |
| **वर्ष–2018–19** | |
| **हिन्दी दिवस समारोह** | वित्तीय वर्ष 2018–19 में हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2018) का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी विषय में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसमें हाईस्कूल के 46 एवं इण्टरमीडिएट के 08 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित / पुरस्कृत किया गया। |
| **साहित्यिकारों की जयन्ती** | इस योजना के अन्तर्गत डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जी की जयन्ती दिनांक 13 दिसम्बर, 2018 को उनके पैतृक स्थान ग्राम–पाली, पौड़ी गढ़24I लमे **"डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के साहित्य साधना के विविध आयाम"** विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। |

**संकलन / प्रकाशन योजना** – डॉ.पी.द.ब हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा साहित्यिक शोध पत्रिका "केदारमानस" का आतिथि तक 6 अंकों का प्रकाशन किया गया है, उक्त पत्रिका रु. 100/– (एक सौ रूप्ये) मात्र प्रति पुस्तक की दर से भुगतान कर किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है। साहित्यिक शोध पत्रिका "केदारमानस" का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | पुस्तक का नाम | विशेषांक | अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | केदार–मानस | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल | प्रथम | 2011 |
| 2 | केदार–मानस | सुमित्रानंदन पंत | द्वितीय | 2012 |
| 3 | केदार–मानस | चन्द्रकुँवर बड़थ्वाल | तृतीय | 2012 |
| 4 | केदार–मानस | शैलेश मटियानी | चतुर्थ | 2013 |
| 5 | केदार–मानस | वार्षिक विशेषांक | पंचम | 2014 |
| 6 | केदार–मानस | वार्षिक विशेषांक | षष्टम् | 2017 |

**डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली प्रकाशन** – डॉ. पीताम्बर दत्त बडथ्वाल हिन्दी अकादमी उत्तराखण्ड द्वारा डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के सम्पूर्ण साहित्य का संकलन कर **"डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली"** का प्रकाशन कार्य कुल 06 खण्डों में प्रकाशित किया गया है। उक्त उक्त ग्रन्थावली रु. 4,850/– (चार हजार आठ सौ पचास रूप्ये) मात्र के सम्पूर्ण खण्डों का एक सैट (06 खण्डों सहितं) की दर से भुगतान कर किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | पुस्तक का नाम | खण्ड | विशेषांक |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | प्रथम | The Nirguna of Hindi Poetry |
| 2 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | द्वितीय | हिन्दी काव्य की निर्गुण धारा |
| 3 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | तृतीय | निबन्ध संग्रह |
| 4 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | चतुर्थ | गोरखवाणी और रामाचन्द की रचनाएं |
| 5 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | पंचम | गोस्वामी तुलसीदास सूरदास : जीवन सामग्री रूपक रहस्य राजा आर्थर और उसकी गोल मेज के सदस्य कुसुम कुँज से उदधृत डॉ. बड़थ्वाल की कविताएं |
| 6 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ग्रन्थावली | षष्टम् | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल (जीवनी) |

## उत्तराखण्ड उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित योजनाएं

| | |
|---|---|
| **वर्ष 2017–18** | |
| **प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2017–18 में हिन्दी दिवस (14 सितम्बर, 2017) के अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड के उर्दू विषय के हाईस्कूल के 04, इण्टरमीडिएट के 04, एवं मदरसा बोर्ड के हाईस्कूल (मुंशी, मौलवी) के अरबी विषय के 03, इण्टरमीडिएट (आलिम) फारसी विषय के 03 (कुल 14) मेधावी छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **वर्ष 2018–19** | |
| **प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2018–19 में हिन्दी दिवस (14 सितम्बर, 2018) के अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड के उर्दू विषय के हाईस्कूल के 02, इण्टरमीडिएट के 03, एवं मदरसा बोर्ड के हाईस्कूल (मुंशी, मौलवी) के अरबी विषय के 03, इण्टरमीडिएट (आलिम) फारसी विषय के 01 (कुल 09) मेधावी छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन** | राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन योजना के अंतर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2018 को भारत छोड़ो आन्दोलन की तिथि एवं प्रख्यात साहित्यकार मनोहर श्याम जोशी जी की जयन्ती के अवसर पर उत्तराखण्ड उर्दू अकादमी, उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, एवं उत्तराखण्ड पंजाबी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 'सर्वभाषा कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, संस्कृत एवं लोक भाषाओं के कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। तथा उर्दू के 03 साहित्यकारों को सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **राष्ट्रीय संगोष्ठि** | राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन योजना के अंतर्गत दिनांक 23 फरवरी, 2019 को उत्तराखण्ड उर्दू अकादमी, देहरादून एवं चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा, हरिद्वार से संयुक्त ततवावधान में उर्दू भाषा के विकास एवं प्रचार–प्रसार के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठि/मुशायरे का आयोजन चमन लाल महाविद्यालय, लण्ढौरा, हरिद्वार किया गया। जिसमें उर्दू के 8 विद्वानों/साहित्यकारों/शायरों को सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |

## उत्तराखण्ड पंजाबी अकादमी द्वारा आयोजित योजनाएं

| | |
|---|---|
| **वर्ष 2017–18** | |
| **प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2017–18 में भी हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2017) के अवसर पर पंजाबी विषय में हाईस्कूल के 03 एवं इण्टरमीडिएट के 05 मेधावी छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **वर्ष 2018–19** | |
| **प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2018–19 में हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2018) के अवसर पर पंजाबी विषय में हाईस्कूल के 05 एवं इण्टरमीडिएट के 03 मेधावी छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन** | राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा सम्मेलन योजना के अंतर्गत दिनांक 09 अगस्त, 2018 को भारत छोड़ो आन्दोलन की तिथि एवं प्रख्यात साहित्यकार मनोहर श्याम जोशी जी की जयन्ती के अवसर पर उत्तराखण्ड पंजाबी अकादमी, उत्तराखण्ड भाषा संस्थान, एवं उत्तराखण्ड उर्दू अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 'सर्वभाषा कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया, जिसमें हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, संस्कृत एवं लोक भाषाओं के कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। |

## उत्तराखण्ड भाषा संस्थान अधिनियम, 2018 के पश्चात्

## उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की गयी योजनाएं

| वर्ष 2022–23 | |
|---|---|
| **प्रतिभावान छात्रों को पुरस्कृत करना** | वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी हिन्दी दिवस (14 सितम्बर,2022) के अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड में वर्ष 2022 के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में हिन्दी, उर्दू व पंजाबी विषय में तथा उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड से मुंशी/मौलवी (हाईस्कूल), आलिम (इंटरमीडिएट) में अरबी/फारसी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया।<br>उत्तराखण्ड बोर्ड के हाईस्कूल में हिन्दी विषय के 30, उर्दू विषय 02 एवं पंजाबी विषय के 03 एवं इंटरमीडिएट में हिन्दी विषय के 47, उर्दू विषय के 03 एवं पंजाबी विषय के 05 तथा उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड में हाईस्कूल (मुंशी/मौलवी) अरबी विषय के क्रमशः 03–03 एवं इंटरमीडिएट (आलिम) फरसी विषय के के 03 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया।<br>हिन्दी दिवस के अवसर पर लेखन प्रतियोगिता जिसमें कविता लेखन (कक्षा 6 से 8 तक) एवं निबंध लेखन (कक्षा 9 से 12 तक) प्रतियोगिता हेतु प्रदेश के शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अशासकीय सभी प्रकार के विद्यालयों के विद्यार्थियों से विज्ञापन प्रकाशित कर कविता लेखन (कक्षा 6 से 8 तक) प्रतियोगिता हेतु विषय – **"मैं नया कवि हूँ"** एवं **"हमारे गांव के आकाश में"** तथा निबंध लेखन (कक्षा 9 से 12 तक) प्रतियोगिता हेतु विषय – **"राष्ट्रीय एकीकरण में हिन्दी का योगदान"** एवं **"सुमित्रानन्दन पन्त का प्रकृति प्रेम"** में लेख आमंत्रित किये गये।<br>उक्त लेखन प्रतियोगिता हेतु प्रथम पुरस्कार – 5000/– , द्वितीय पुरस्कार – 4000/–, तृतीय पुरस्कार – 3000/–, सांत्वना पुरस्कार – 2000/– पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर सम्पूर्ण राज्य के विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें से प्रत्येक विषय पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार सहित कुल 18 छात्र–छात्राओं को मा. भाषा मंत्री जी द्वारा सम्मानित/पुरस्कृत किया गया। |
| **सर्व भाषा कवि सम्मेलन 08 नवम्बर, 2022** | वित्तीय वर्ष 2022–23 में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मा. मुख्यमंत्री जी एवं भाषा मंत्री जी की अध्यक्षता में सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 03 हिन्दी, 02 गढ़वाली, 02 कुमाउंनी, 01 जौनसारी, 01 पंजाबी 01 उर्दू, के प्रख्यात कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। साथ ही श्रोताओं के रूप में देहरादून के स्थानीय साहित्यकारों एवं भाषाविदों को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्वानों का प्रतिभाग किया है। |
| **डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जी की जयन्ती पर संगोष्ठि का आयोजन 13 दिसम्बर, 2022** | वित्तीय वर्ष 2022–23 में दिनांक 13 दिसम्बर, 2022 को डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल जी की जयन्ती के अवसर पर **"सन्त साहित्य का स्तम्भ–डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल"** विषयक संगोष्ठि का आयोजन संस्थान सभागार में किया गया। संगोष्ठि में स्थानीय प्रबुद्ध साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। |
| **उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान समारोह एवं लोक भाषा सम्मेलन** | उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा हिन्दी, उर्दू, पंजाबी एवं लोकभाषा व बोलियों में उत्कृष्ट साहित्य सृजन करने वाले राज्य के साहित्यकारों **को "उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान–2022" के अन्तर्गत 'उत्तराखण्ड मौलिक पुस्तक लेकन पुरस्कार' एवं 'उत्तराखण्ड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार'** से अलंकृत किये जाने हेतु **दिनांक 30 जून, 2023** को आई.आर.डी.टी. सभागार, सर्वे चौक, देहरादून में मा. |

मुख्यमंत्री जी एवं भाषा मंत्री जी की अध्यक्षता में प्रदेश के मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के 09 साहित्यकारों को रु0 01 लाख (एक लाख रुपये) मात्र की राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की गयी, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

**उत्तराखण्ड मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार एवं उत्तराखण्ड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार दिनांक 30 जून, 2023 (प्रथम सत्र)**

| क्र सं | पुरस्कार का नाम | विधा | साहित्यकार का नाम | साहित्यकार की पुस्तक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | चन्द्रकुवर वर्त्वाल पुरस्कार | काव्य रचना | श्री सन्तोष कुमार तिवारी | अपने–अपने दण्डकारण्य |
| 02 | शैलेश मटियानी पुरस्कार | कथा साहित्य | श्रीमती अमृता पाण्डे | सिसकती साँकलें |
| 03 | डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल पुरस्कार | अन्य गद्य विधाएं | श्री प्रकाश चन्द्र तिवारी | कविता की कहानी |
| 04 | भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार | साहित्य में मासिक / द्वैमासिक / त्रैमासिक पत्रिकाओं | श्री दामोदर जोशी | कुमगढ़ पत्रिका |
| 05 | गुमानी पंत पुरस्कार | कुमाउनी बोली, भाषा में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत इन बोली की साहित्य सेवा हेतु | श्री राजेन्द्र सिंह बोरा उर्फ त्रिभुवन गिरि | 1.गोरिल महाकाव्य<br>2.कल्याण उपन्यास<br>3.सुरजू कुंवर नाटक संग्रह |
| 06 | भजन सिंह 'सिंह' पुरस्कार | गढ़वाली बोली भाषा में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत इन बोली की साहित्य सेवा हेतु | श्री नरेन्द्र कठैत | 1. टुप– टप्प<br>2. समस्या खड़िच<br>3. पाँच पराणी पच्चीस छ्वीं<br>4. डालै बिप्दा |
| 07 | गोविन्द चातक पुरस्कार | अन्य उत्तराखण्ड की बोलीयों एवं उपबोलियों में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत इन बोली की साहित्य सेवा हेतु | श्री महावीर रवांल्टा | 1. गैणी जण आमार सुईन<br>2. ढेला और पता<br>3. छपराल<br>4. एक प्रेम कथा का अंत, सफेद घोड़े का सवार |
| 08 | प्रो. उन्वान चिश्ती पुरस्कार | उर्दू में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत उर्दू साहित्य सेवा हेतु | श्री राजेश आनन्द असीर | रू–ब–रू गजल संग्रह |
| 09 | अध्यापक पूर्ण सिंह पुरस्कार | पंजाबी में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन एवं अनवरत पंजाबी साहित्य सेवा हेतु | श्री गुरदीप | 1. बाकी फिर<br>2. भटकती फिरती बहार<br>3. सादा दिली उमीद दी |

दिनांक 30 जून, 2023 को उत्तराखण्ड की भाषाओं व बोलियों के संरक्षण एवं प्रचार–प्रसार के लिए लोक भाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें राज्य के 09 सम्मानित कवियों को पारिश्रमिक के रूप में रु0 11000/– (ग्यारह हजार रुपये) मात्र की धनराशि प्रदान की गयी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

**लोकभाषा कवि सम्मेलन दिनांक 30 जून, 2023 (द्वितीय सत्र)**

| क्र. सं. | कवि का नाम |
|---|---|
| 1 | श्री राजेन्द्र ढैला, हल्द्वानी |
| 2 | श्री मोहन जोशी, बागेश्वर |
| 3 | श्री नीरज पंत, पिथौरागढ |
| 4 | श्री दिवान कन्वाल, अल्मोड़ा |
| 5 | श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, देहरादून |
| 6 | श्री गणेश खुगशाल 'गणी', पौड़ी |
| 7 | श्री प्रीतम अपच्छयांण, |
| 8 | श्री हेमवती नन्दन भट्ट हेमू |
| 9 | श्री ओम बधाणी, देहरादून |

**उत्तराखण्ड लोक भाषा सम्मेलन दिनांक 01 जुलाई, 2023**
**(प्रथम सत्र एवं द्वितीय सत्र)**

संस्थान द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2023 को उत्तराखण्ड लोक भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर गढ़वाली, कुमांउनी, जौनसारी व अन्य बोलियों पर अपने विचार व्यक्त किए जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रम | सत्र | विषय | अतिथि/वक्ता |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम सत्र दिनांक 01 जुलाई, 2023 10:30 से 12:00 बजे तक | उत्तराखण्ड की लोक भाषाओं का वर्तमान परिदृश्य | डॉ. जयन्ती प्रसाद नौटियाल सत्राध्यक्ष |
| | | गढ़वाली भाषा का क्रमागत विकास | श्री लोकेश नवानी |
| | | कुमाउनी भाषा का व्याकरण | डॉ. कमला पंत |
| | | गढ़वाली भाषा का लोक साहित्य | डॉ. नन्दकिशोर हटवाल |
| | | लोक भाषाओं में पत्रिका प्रकाशन की चुनौतियां | डॉ. हयात सिंह रावत |
| 02 | द्वितीय सत्र/ समापन सत्र 12:30 से 2:00 बजे तक | उत्तराखण्ड के लोक गीतों में समसामयिक परिवेश | श्रीमती भारती पाण्डे |
| | | उत्तराखण्ड की उप बोलियां एवं अन्य भाषाएँ | श्री महावीर रवाल्टा |
| | | लोक साहित्य, लोक परम्पराएँ और आधुनिक कला माध्यम | प्रो. प्रभा पंत |
| | | लोक साहित्य में नाटक व कहानी लेखन | श्री कुलानन्द घनशाला |
| | | गढ़वाली भाषा में औच्चारणिक विभेद | श्री रमाकान्त बेंजवाल |